# भाव भजन ये बाबा चरणों में हम है लाए भजन लिरिक्स

भाव भजन ये बाबा,
चरणों में हम है लाए,
नैना ये भर भर आए,
बाबा नैना यें भर भर आए।bd।

तर्ज – दुनिया बनाने वाले क्या।

---

कैसे मैं भूलूं बाबा गुजरा जमाना,
कोई नहीं था अपना ठिकाना,
दर दर के लाखों ठोकर थे खाए,
दर दर के लाखों ठोकर थे खाए,
भली ये किस्मत दर पे ले आए,
बाहें पसार के हमको,
अपने गले से लगाए,
नैना यें भर भर आए बाबा,
नैना यें भर भर आए।bd।

---

जिस दिन से थामे बाबा हाथ हमारा,
जीवन ये रोशन हुआ फैला उजाला,
सारे जहाँ की खुशियाँ जीवन में आई,
सारे जहाँ की खुशियाँ जीवन में आई,
संग संग में है साँवरिया जैसे परछाई,
उंगली पकड़ के तुमने,
बीच भंवर से बचाए,
नैना यें भर भर आए बाबा,
नैना यें भर भर आए।bd।

---

बिन ना कोई सहारा रिश्ता निभाना,
अपना बनाकर स्वामी भूल ना जाना,
भक्तो की तेरी ये ही तमन्ना,
भक्तो की तेरी ये ही तमन्ना,
किरपा साँवरिया हमपे हो कम ना,
चरणों में बाबा तेरे,
श्रध्दा के फुल चढाए,
नैना यें भर भर आए बाबा,
नैना यें भर भर आए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भाव भजन ये बाबा,
चरणों में हम है लाए,
नैना ये भर भर आए,
बाबा नैना यें भर भर आए।bd।

स्वर – प्रदीप विश्वास।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com